**आर्मी पब्लिक स्कूल शिलांग**

**वार्षिक परीक्षा - 2022-2023**

**विषय: हिंदी**

**कक्षा : VIII**

**अवधि : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश** :

. इस प्रश्नपत्र में कुल दो खंड हैं , खंड 'अ' और खंड 'ब' |

. दोनों खंडों के उत्तर देना अनिवार्य है |

. प्रश्नों को ध्यान से पढ़िए एवं यथा संभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए |

. लिखावट की सुंदरता व स्पष्टता का ध्यान रखें |

**खंड - 'अ'**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है - प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक छोड़ने वाले अपने छात्रों को यह संदेश दिया था - तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने को अभ्यास करना होगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों को निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए दृढ़-संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

क. मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग कौन प्रशस्त करते हैं ? 1

ख. प्रत्येक समस्या अपने साथ क्या लेकर आती है ? 1

ग. समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष है ? 1

घ. 'मानवीय' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय है? 1

ङ. संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए क्या आवश्यक है? 1

**2. दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए |**

1. दिए गए शब्दों में द्विगु समास की पहचान कीजिए: 1

क. आजीवन

ख. भूदान

ग. राजकुमार

घ. त्रिवेणी

2. विशेषण और विशेष्य के योग से कौन-सा समास बनता है: 1

क. तत्पुरुष समास

ख. द्वंद्व समास

ग. कर्मधारय समास

घ. उपर्युक्त सभी

3. 'दशानन' में कौन सा समास है- 1

क. कर्मधारय

ख. द्विगु समास

ग. तत्पुरुष समास

घ. बहुव्रीहि समास

4. 'उपदेश' शब्द में मूल शब्द है- 1

क. अप

ख. देश

ग. उ

घ. उप

5. 'बेखटके' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ? 1

क. बे

ख. बेख

ग. खटके

घ. बेखट

6. 'सावधानी' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है- 1

क. नी

ख. ई

ग. आनी

घ. वधानी

7. 'बहाव' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा है बताइए- 1

क. बह

ख. आव

ग. हाव

घ. बहा

8. 'गंगा नहाना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ? 1

क. कठिन कार्य पूरा होना

ख. पवित्र होना

ग. कार्य को अधूरा छोड़ना

घ. गंगा नहाने जाना

9. 'अंधा होना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ? 1

क. आँखों से दिखाई न देना

ख. विवेक भ्रष्ट होना

ग. आँख से काना

घ. आँख से अँधा होना

10. फूल का पर्यायवाची नहीं है 1

क. तनुजा

ख. सुमन

ग. पुष्प

घ. शशि

11. ‘हिरण ’ का पर्यायवाची शब्द है 1

क. मृग

ख. सारंग

ग. कुरंग

घ. उपर्युक्त सभी

12. आ+हार के योग से कौन सा शब्द बनेगा 1

क. उतार

ख. आहार

ग. उदार

घ. उत्हार

13. पर्यावरण शब्द का संधि विच्छेद है 1

क. पर्या+वरण

ख. परि+आवरण

ग. पर्य+वरण

घ. पर्य+रण

14. ‘मृदुल’ का विलोम शब्द है 1

क. कठिन

ख. ख़राब

ग. कठोर

घ. सरल

15. 'विरोध' का विलोम शब्द है 1

क. अविरोध

ख. सविरोध

ग. समर्थन

घ. इनमें से कोई नहीं

16. दिवस शब्द का अर्थ है 1

क. दिन

ख. शाम

ग. रात

घ. सुबह

**3. निम्नलिखित काव्यांश को पढकर बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

तेरैं लाल मेरौ माखन खायौ।
दुपहर दिवस जानि घर सूनो ढूँढ़ि-ढँढ़ोरि आपही आयौ।
खोलि किवारि, पैठि मंदिर मैं , दूध-दही सब सखनि खवायौ।
ऊखल चढ़ि , सींके कौ लीन्हौ , अनभावत भुइँ मैं ढ़रकायौ।।
दिन प्रति हानि होति गोरस की , यह ढोटा कौनैं ढँग लायौ।
सूर स्याम कौं हटकि न राखै तैं ही पूत अनोखौ जायौ।

1. प्रस्तुत पद किसकी रचना है ? 1

क. तुलसीदास की

ख. बिहारी की

ग. सूरदास की

घ. रैदास की

2. गोपियाँ किससे-किसकी शिकायत कर रही हैं ? 1

क. कौशल्या से राम की

ख. देवकी से कृष्ण की

ग. राधा से कृष्ण की

घ. यशोदा से कृष्ण की

3. प्रस्तुत पद में गोपियाँ किस बात की शिकायत कर रही हैं ? 1

क. कृष्ण ने दही चुरा लिया

ख. माखन चुरा लिया

ग. गायें चुरा लीं

घ. उपर्युक्त सभी

4. मक्खन चुराते समय कृष्ण थोड़ा सा मक्खन बिखरा क्यों देते हैं ? 1

क. क्योंकि छींका ऊँचाई पर बंधा था |

ख. क्योंकि कृष्ण छोटे थे

ग. क्योंकि उनके हाथ छोटे थे

घ. उपर्युक्त सभी

5. कौन दरवाज़ा खुला छोड़ जाती है जब उसके घर माखन की चोरी हो जाती है ? 1

क. राधा

ख. मीरा

ग. गोपी

घ. देवकी

**4. निम्नलिखितपठित गद्यांश को पढ़कर बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

जिन्हें साइकिल चलाने का प्रशिक्षण मिल चुका है उनमें से बहुत बड़ी संख्या में साइकिल सीख चुकी महिलाएँ अभी नयी-नयी साइकिल सीखने वाली महिलाओं को भरपूर सहयोग देती हैं। उनमें यहाँ न केवल सीखने-सिखाने की इच्छा दिखाई देती है बल्कि उनके बीच यह उत्साह भी दिखाई देता है कि सभी महिलाओं को साइकिल चलाना सीखना चाहिए।

1. उपरोक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? 1

क. बाज़ और साँप

ख. टोपी

ग. पानी की कहानी

घ. जहाँ पहिया है

2. गद्यांश में कहाँ की बात की गई है ? 1

क. विशाखापत्तनम

ख. गुंटूर

ग. मदुरई

घ. पुडुकोट्टई

3. कौन नई महिलाओं को साइकिल चलाना सिखाने का काम करते थे ? 1

क. ट्रेनर

ख. प्रशिक्षित महिलायें

ग. नव युवक

घ. शिक्षक

4. 'सहयोग' का विलोम क्या होगा ? 1

क. अनसह्योग

ख. असहयोग

ग. बसह्योग

घ. नसह्योग

5. 'महिला' शब्द का पुलिंग होगा 1

क. मर्द

ख. पुरुष

ग. नर

घ. इंसान

**(खंड-ब)**

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें- 3x4=12**

क. कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा ?

ख. लेखक दोषों का पर्दाफाश करते समय किस बात से बचने के लिए कहता है ?

ग. बच्चों के उधम मचने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई ?

घ. पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फिल्मकार अर्देशिर एम, ईरानी को प्रेरणा कहाँ से मिली ?

ङ. "पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए।" पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

च. लेखक ने इस पाठ का नाम 'जहाँ पहिया है' क्यों रखा होगा ?

**6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें- 4x3=12**

क. बाज जिंदगी भर आकाश में ही उड़ता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था ?

ख. टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस-किस के पास गई ? टोपी बनने तक के एक-एक कार्य को लिखें ।

ग. अंग्रेज के सामने बिलवासी जी ने झाऊलाल को पहचानने तक से क्यों इंकार कर दिया था ? आपके विचार से बिलवासी जी ऐसा अजीब व्यवहार क्यों कर रहें थे ? स्पष्ट कीजिए ।

घ. 'साईकिल आंदोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन-से बदलाव आए हैं ? विस्तार से लिखें ।

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें- 3x3=9**

क. नेहरू जी ने चाँद को अपना सहचर क्यों कहा ? उन्हें वह क्या सीख देता प्रतीत होता
है ?

ख. भारत में विदेशी तत्व किस प्रकार आत्मसात होते गए ?

ग. राणा प्रताप कौन थे ? उन्होंने जंगलों में रहना क्यों पसंद किया ?

घ. तकनीकी परिवर्तन और शिक्षा के प्रसार का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा ?

ङ. तिलक और गोखले के बारे में संक्षिप्त वर्णन कीजिए ।

8. सब्जीवाले और ग्राहक के बीच हुई बातचित को संवाद के रूप में लिखिए | 3

अथवा

यात्री और रिक्शा चालाक की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए |

9. दिए गए विषयों में से किसी एक पर 80-100 शब्दों में आनुछेद लिखिए: 5

क. रंगों का त्योहार होली

ख. मेरा प्रिय मित्र

ग. मोबाइल फोन और इंटरनेट

10. पुस्तक मँगवाने के लिए पुस्तक बिक्रेता को पत्र लिखिए | 5

अथवा

अपने नए विद्यालय के विषय में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए |

11. दिए गए चित्र का वर्णन कम-से कम 60-70 शब्दों में कीजिए : 3



*********************